# कोटा के कोचिंग सेक्टर में छात्रों की संख्या में इजाफा हो रहा है, महंगाई बढ़ी

**कोटा,** (निसं)। कोविड-19 के दौर के बाद बीते 2 सालों से कोटा में कोचिंग स्टूडेंट्स की संख्या गिर गई थी लेकिन इस साल फिर स्टूडेन्ट्स बूम देखने को मिल रहा है। यानी छात्रों की संख्या में इजाफा हो रहा है। ये बढ़ती तादाद कई विद्यार्थियों के लिए परेशानियों का सबब भी हैं। दिक्कतें व्यावहारिक हैं। उन्हें हॉस्टल मिलने में असुविधा हो रही है।

कईयों को मिल भी रहा है तो कोचिंग संस्थान से दूरी पर। दूसरी तरफ हॉस्टल संचालकों ने भी छात्रों की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए मनमाना किराया वसूलना शुरू कर दिया है। हाल ये है कि जेब ढीली करने पर भी उन्हें महंगे और मनमाने दामों तक में भी मनचाहा हॉस्टल नहीं मिल पा रहा है। बच्चों के साथ आए पेरेंट्स की तो यह भी शिकायत है कि उनसे किराया 35 हजार रुपए प्रति माह मांगा गया है। कोटा में स्टूडेंट्स का आंकड़ा 2 लाख को छू गया है। कोचिंग संस्थान एलन, मोशन, आकाश, रेजोनेंस, फिजिक्स वाला, अनअकैडमी, रिलायबल, और न्यूक्लियस सहित अन्य कोचिंग सेंटर्स में बच्चे दाखिला ले चुके हैं।

एलन करियर इंस्टिट्यूट के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट पंकज बिरला का कहना है कि इस बार कोटा कोचिंग के प्रति स्टूडेंट्स और पैरेंट्स का रुझान काफी शानदार है। जितना भी कोटा वासियों ने सोचा था उससे काफी ज्यादा रेस्पॉन्स इस बार मिल रहा है। लोग देश के विभिन्न कोनों से आकर अपने बच्चों का एडमिशन करवा रहे हैं। जिस तरह से पहले लग रहा था कि कोरोना के बाद ऑनलाइन की तरफ मार्केट शिफ्ट हो रहा है ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। लोग वापस ऑफलाइन की तरफ आ रहे हैं। पेरेंट्स भी ऑफलाइन में ही ज्यादा विश्वास जता रहे हैं। इसका पूरा श्रेय कोटा की फैकल्टी, स्टाफ और यहां के लोगों को जाता है। कोविड-19 के दौरान भी बच्चों को काफी मन से पढ़ाया गया है।



कोटा में कोचिंग लेने के लिए भारी संख्या में स्टूडेंट्स कोटा आ रहे हैं।

पंकज बिरला के अनुसार कोविड-19 के पहले का हमारा पीक था, उसको भी हम इस साल क्रॉस कर जाएंगे। हमारी उम्मीद से ज्यादा करीब 20 से 25 फीसदी से ज्यादा बच्चे कोटा पहुंचे हैं। कोटा में अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर बच्चों के लिए है। स्टूडेंट बूम की एक अहम वजह मेडिकल और इंजीनियरिंग की प्रतियोगी परिक्षाओं में हुई देरी को भी मानते हैं। मेडिकल और इंजीनियरिंग एंट्रेंस एग्जाम में देरी के चलते पहले से जो बच्चे थे, वो वापस नहीं जा पाए हैं। इसके चलते ओवरलैपिंग हो गई। लेकिन जब पुराने बच्चे जुलाई में होने वाली परीक्षाओं के बाद जाएंगे तब वापस बच्चों को सभी चीजें नॉर्मल मिल जाएंगी।

**फीस से ज्यादा किराया:-** छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर से कोचिंग के लिए आए आशीष कुमार का कहना है कि उन्होंने अपने कोचिंग संस्थान से 2 किलोमीटर के एरिया में हॉस्टल की तलाश की, लेकिन नहीं मिल पाया। आखिर में पीजी में शिफ्ट होना पड़ा। यहां पर जो हॉस्टल मिल रहे हैं। उनके दाम हमारे बजट से काफी ज्यादा हैं। यहां पर 12 से 15 हजार रुपए तक हॉस्टल रेंट पर उपलब्ध हैं। अगर हम इतना किराया देंगे तो हर साल करीब दो लाख का खर्चा कोटा में रहने का हो जाएगा। यह हमारी कोचिंग की फीस से भी ज्यादा है।

**डिमांड और सप्लाई ने शूटअप किया रेंट:-** लखनऊ से आए डॉ. गुरुप्रीत सिंह का कहना है कि 15,000 के आसपास बच्चों के हॉस्टल के दाम होने चाहिए, जिसमें सब कुछ शामिल होना चाहिए, लेकिन यहां पर ज्यादा है। मैं एक जगह गया था, 23 हजार रुपए मासिक रेंट मांगा गया यह दाम डिमांड और सप्लाई के चलते ही बढ़े हैं। अब रेंट काफी शूटअप हो गए हैं। इससे काफी प्रॉब्लम है। हॉस्टल कम हैं और बच्चे ज्यादा हैं।बच्चों की भीड़ कोचिंग के बाहर लग रही है। हॉस्टल वालों ने भी दाम जस्ट डबल कर दिए हैं। फिर भी रूम अवेलेबल ही नहीं हैं। ऐसे में एक रूम अगर खाली होता है तो उसको लेने के लिए 10 बच्चे पहुंच जाते हैं।

कोटा हॉस्टल एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन मित्तल वही कह रहे हैं जिसकी अपेक्षा उनसे की जा सकती है। एग्जाम ओवरलैपिंग को ही मुख्य कारण बता रहे हैं। कहते हैं कोटा में काफी तादाद में बच्चे आ रहे हैं, साथ ही पुराने बच्चे भी यहां पर मौजूद हैं। इसी के चलते काफी दिक्कत पैरेंट्स और बच्चों को आ रही है। बच्चों को रूम नहीं मिल रहे हैं, लेकिन मेरा मानना है कि जेईई मेन और नीट एग्जाम के बाद हॉस्टल से पुराने बच्चे चले जाएंगे ये करीब 50 हजार बच्चे होंगे। इससे इस महीने के बाद हालात में सुधार होगा। रही बात किराया बढ़ाने की तो इस संबंध में सभी हॉस्टल संचालकों को पहले भी आगाह किया है। अब उन्हें अल्टीमेटम देंगे स्टूडेंट्स से ज्यादा किराया नहीं वसूला जाना चाहिए।

पार्षद गोपाल राम मंडा का यह भी कहना है कि कोविड-19 के बाद काफी परेशानी इस साल आई है। कई लोग अपने मैस को बंद करके चल गए थे, वे दोबारा नहीं लौटे हैं। इन मैस संचालकों पर काफी रुपया यहां का बकाया था। चूंकि वो वापस नहीं आ पा रहे हैं तो मैस की संख्या खुद-ब-खुद कम हो गई है। इस कारण पीजी में रहने वाले बच्चों के सामने टिफिन सर्विस और मैस में खाने की समस्या आ रही है। इसके अलावा हॉस्टल की रिपेयरिंग नहीं हुई जिससे कई हॉस्टल चालू नहीं हो पाए। साथ ही हॉस्टल मालिक और लीज होल्डर के बीच लेन-देन के मसले के चलते भी कई क्षेत्रों में हॉस्टल चालू नहीं हुए ह। दावा करते हैं कि आने वाले दिनों में सब कुछ नॉर्मल हो जाएगा।

# भक्ति उमंग आस्था के साथ सिद्धों की आराधना हो रही



शहर के श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में अष्टानिका पर्व पर सिद्धों की आराधना की जा रही है।

**रामगंजमंडी** (निसं)। शहर के श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर मे अष्टानिका पर्व पर सिद्धों की आराधना की जा रही है सिद्धचक्र महामंडल विधान हो रहा है।

विगत दिनों से इस आयोजन मे भक्ति आस्था उमंग भरपूर नज़र आ रही है आदर्श महिलामंडल द्वारा आयोजित इस महामंडल विधान मे सभी समाज बन्धु भक्ति की ज्ञान गंगा मे सराबोर नज़र आ रहे हैं।महापर्व के तीसरे दिवस पर महामंडल विधान मे 32 अर्घ समर्पित किये गए वहीं इससे पूर्व श्रीजी का अभिषेक शांतिधारा की गयी जिसका पुण्य लाभ प्रदीप कुमार चन्दनबाला लुहाड़ीया यशवंत कुमार अक्षय शाह कैलाशचंद जगदीशचंद सिंघल भगवानस्वरुप पदमकुमार परिवार को मिला।इसी कडी में गुरूवार को संध्या बेला की महाआरती का पुण्य लाभ शांतिलाल गौतमकुमार मित्तल परिवार को मिला।इस महापर्व मे सिद्धचक्र महामंडल विधान करने का विशेष महत्व है।इस दौरान गुरुवार को रात्रि में प्रशांत शास्त्री ने सिद्धचक्र महामंडल विधान का महत्व समझाया। उन्होंने एक दृष्टातं के माध्यम से बताया की जिस प्रकार मैना सुन्दरी ने सिद्धों की आराधना कर अपने पति श्रीपाल के कुष्ठ को दूर किया उसी प्रकार हम भी सिद्धों की आराधना करके अपने कष्टों को दूर कर सकते है। हमे भक्तिपूर्वक भाव सहित सिद्धों की आराधना करनी चाहिए। उदबोधन उपरान्त प्रश्न मंच का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने बढ़चढ़ करके उत्साह से भाग लिया।

## अमन गुप्ता ने विद्यालय का नाम रोशन किया

**रामगंजमण्डी**(निसं)।खैराबाद के अमन गुप्ता को उनकी मेहनत व युवादल और कम्पनी की मदद से अपने लक्ष्य को हांसिल करने में कामयाबी मिली है। अमन ने वर्ष 2018 में रामगंजमण्डी स्कूल से 12 वीं कक्षा की परीक्षा 93 प्रतिशत अंको से प्राप्त की थी।परीक्षा पास करने के बाद अमन आईआईटी की कोचिंग करना चाहता था परन्तु फीस का प्रबन्ध करना उसकी पँहुच से दूर था क्योंकि पिता रामबाबू एक धनिया मशीन चलाने का कार्य करते हैं।जबकि अमन के अच्छे परिणाम को ध्यान में रखकर रेजोनेंस कोचिंग ने उसे 40 प्रतिशत की रियायत प्रदान कर दी थी इसके बाद भी 70 हजार की राशि जुटा पाना उसके बस की बात नहीं थी जिसकी उसे दरकार थी।ऐसे में खैराबाद के रामगोपाल गुप्ता(नेताजी) ने अमन को कम्पनी के मालिक दीपक जटिया से मिलवाया जिन्होंने भी 40 हजार रुपए की सहयोग राशि उसे प्रदान की फिर 30 हजार रुपए की दरकार अमन को रह गई जिसे युवादल सचिव राजकुमार पारख ने अपनी टीम के साथियों गोकुल गुप्ता,कमल गुप्ता,राजेश सेठी,बाबू पोरवाल,जगदीश गुप्ता,टीकम मित्तल व चेरी सलूजा से एकत्रित करके कोचिंग फीस की भरपाई करवा दी।

## बेहतरीन बूंदी हैल्पलाइन का शुभारंभ किया

**बूंदी** (निसं)। शहर की आम जन को विभिन्न समस्याओं का त्वरित समाधान देने के लिए नगर परिषद द्वारा शुरू की गई बेहतरीन बूंदी हैल्पलाइन का शनिवार को भूरा गणेश स्थित जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र केंद्र में सभापति मधु नुवाल, आयुक्तमहावीर सिंह सिसोदिया ने फीता काटकर शुभारंभ किया।

सभापति मधु नुवाल ने बताया कि शहर वार्ड गलियों में व्याप्त सफाई ,रोशनी ,घर-घर कचरा संग्रहण ,सीवरेज ,टूटे वृक्षों को हटाना, मृत जानवरों को उठाना आदि के लिए प्रात: 10:00 से शाम 6:00 बजे तक फोन नंबर 07472444700 पर अपनी समस्या से अवगत करा सकते हैं। हेल्पलाइन पर प्राप्त समस्याओं का परिषद द्वारा त्वरित समाधान कराया जाएगा। इस अवसर पर नगर पार्षद ममता शर्मा, संध्या रावल शहीद नगर परिषद स्टॉफ मौजूद रहा।

# बोर्ड बैठक में एक तरफा फैसले से नाराज भाजपा पार्षदों ने जिला कलेक्टर से मुलाकात की

**बूंदी** (निसं)। शुक्रवार को हुई नगर परिषद बोर्ड की बैठक में सभापति द्वारा बिना मत विभाजन एक तरफा मुद्दों को पास करने तारों को लगाते हुए नेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पार्षदों ने इसे लोकतंत्र की हत्या करना बताया है।

नेता प्रतिपक्ष मुकेश माधवानी ने बताया कि जब सदन में ट्रक यूनियन खाली जमीन का भू उपयोग परिवर्तन का प्रस्ताव आया तो नेता प्रतिपक्ष मुकेश माधवानी ने कहा कि जब मास्टर प्लान एवं पिछले महीने ही जोनल प्लान में आपने ट्रक स्टैंड के रूप में उसको दर्शाया है तो किस प्रकार भू उपयोग परिवर्तन हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा जिस प्रकार कोटा में ट्रक यूनियन की जमीन डीसीएम रोड पर अवाप्त करके भामाशाह मंडी के पास ट्रक स्टैंड एवं ट्रांसपोर्ट नगर बनाया गया। जहां सारे भारी वाहन खडे होते हैं एवं शहर की व्यवस्था सुचारू रहती है। वही मनमर्जी से करते हुए ट्रक स्टैंड खाली कराया जा रहा है जिससे सारे ट्रक पुराने बाईपास पर आ गए हैं एवं नागरिकों को परेशानी हो रही है और रोजाना एक्सीडेंट हो रहे हैं। शहर के सुनियोजित विकास के लिए पहले ट्रांसपोर्ट नगर एवं ट्रक स्टैंड की जगह चिन्हित करके आवंटित की जाए, फिर इस जगह का भू उपयोग परिवर्तन किया जाए। उन्होंने सारे मुद्दों पर मत विभाजन की बात रखी। पेज ग्राउंड के संबंध में कहा कि 2014 में शहर से गरीब सब्जी वालों को हटाकर पेज ग्राउंड में स्थापित किया था एवं उद्योग विभाग के अधीन होने के कारण इसका विकास नहीं हो पाया था।

इस जगह पर ही सब्जी मंडी का निर्माण किया जाए और शेष जगह पर व्यवसाय मार्केट दिया जाए। रोड नंबर 5 नैनवा रोड पर कोई भी व्यक्ति सब्जी लेने नहीं जा सकता, मीरा गेट की दुकानों के अतिक्रमण नियमन के संबंध में उन्होंने कहा कि अतिक्रमण नियमन करने का जो व्यवसायिक अतिक्रमण है उसको नियमन करने का अधिकार नहीं है अगर नियमन ही करना है तो पूरे बूंदी शहर के व्यवसाय अतिक्रमण को चिन्हित कर नियमन किया जाए, एक वर्ग विशेष को लाभ पहुंचाने के लिए वोट की राजनीति के लिए नियमन किया जाना गलत है।

अदालत के आदेश के अनुसार अतिक्रमण हटाकर नीलामी के माध्यम से दुकानें विक्रय की जाए, इन बिंदुओं पर बोलते हुए मत विभाजन की बात की गई। लेकिन सभापति द्वारा जानबूझकर संविधान का उल्लंघन कर एजेंडा बिंदु पास होने की फर्जी घोषणा की इसका विरोध किया तो कुछ पार्षदों ने बोलने से रोका एवं माइक छीनने का प्रयास किया। सदन में इस तरीके की गरिमा ,इस तरीके का व्यवहार अनुचित है। मुकेश माधवानी ने चेतावनी दी अगर गलत टिप्पणी लिखते हुए बोर्ड कार्रवाई लिखी गई तो आंदोलन किया जाएगा और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में सभी पार्षद जिला कलेक्टर से मिले एवं बोर्ड में हुए अलोकतांत्रिक कार्यों के बारे में एवं सभापति की हठधर्मिता के बारे में अवगत करवाया।

जिला कलेक्टर ने पूर्ण रूप से आश्वासन दिया है मत विभाजन होना पार्षदों का अधिकार है अगर गलत हुआ है तो उसे सही करवाया जाएगा।जिला कलेक्टर में मिलने वालों में जिला महामंत्री सुरेश अग्रवाल ,पार्षद सरोज अग्रवाल, पार्षद भंवर कवर, पार्षद मोनिका शेरगढ्या ,वरिष्ठ पार्षद तिलोक कुमावत ,रमेश हाडा, मनीष सिसोदिया, बालकिशन सोनी, ओमप्रकाश जांगिड़, रंजीत नायक उर्फ गोलू, संजय शर्मा ,संदीप यादव ,मानस जैन ,नवीन सिंह ,हरिशंकर सैनी, कमलेश वर्मा, भाजपा नेता मनोज गौतम एवं संजय भूटानी मौजूद रहे।

# ईदुलजुहा के त्यौहार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं: कलेक्टर

**झालावाड़,** (निसं)। जिला कलक्टर डॉ. भारती दीक्षित एवं जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने जिले में ईदुलजुहा के त्यौहार को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण के साथ मनाए जाने को लेकर शांति समिति के सदस्यों के साथ शुक्रवार को मिनी सचिवालय के सभागार में बैठक आयोजित की।

जिला कलेक्टर ने बताया कि वर्तमान में दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत जिले में निषेधाज्ञा लागू है, इसके अन्तर्गत किसी भी प्रकार के आयोजन, जुलूस इत्यादि के लिए प्रशासन से स्वीकृति प्राप्त करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि झालावाड़ जिले में सभी त्यौहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाते रहे हैं, आगामी त्यौहारों को भी आपसी भाईचारे के साथ मनाएंगे।

जिला कलेक्टर ने सोशल मीडिया यथा फेसबुक, ट्वीटर, व्हाट्सएप पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के संबंध में कहा कि जिस भी व्यक्ति के द्वारा सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं आपत्तिजनक पोस्ट डाली जाती है, तो उसके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से आग्रह किया कि वे भी आमजन से समझाइश करें कि सोशल मीडिया व्हाट्सएप ग्रुप आदि में किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक पोस्ट नहीं करें, जिससे किसी की भावना को ठेस पहुंचती हो। साथ ही व्हाट्सएप ग्रुप्स में केवल एडमिन द्वारा ही पोस्ट करने की सैटिंग रखें। ग्रुप में गलत पोस्ट करने पर एडमिन जवाबदार होंगे। जिला पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शांति समिति के सदस्य बैठक में हुई चर्चा को आगे लोगों तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि समय को देखते हुए आमजन एवं युवा पीढ़ी को संयमित रहकर सभी त्यौहारों को आपसी भाईचारे के साथ मनाने की जरूरत है। त्यौहार के दौरान ऐसी कोई प्रतिक्रिया न दें। यदि गलत पोस्ट के बारे में भी जानकारी प्राप्त होती है तो प्रतिक्रिया देने से पूर्व संबंधित पुलिस अधिकारी को अवगत कराया जाए। अभिभावक भी अपने बच्चों को समझाएं कि वे सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक पोस्ट नहीं डालें।

## ऑल न्यू हॉट एंड टेकी ब्रेजा की भव्य लॉन्चिंग हुई

**बूंदी** (निसं)। चित्तौड़ रोड स्थित भाटिया एंड कंपनी के शोरूम पर मारुति सुजुकी की बहुप्रतीक्षित ऑल न्यू हॉट एंड टेकी ब्रेजा एसयूवी की भव्य लॉन्चिंग की गई। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया चीफ मैनेजर मोहन लाल गुरनानी ने फीता काटकर इस गाड़ी को बूंदी के ग्राहकों के लिए लांच किया। कंपनी के डीजीएम सेल्स शैशव भटनागर ने बताया ऑल न्यू हॉट एंड टेकी ब्रेजा में इलेक्ट्रिक सनरूफ हेड अप डिस्पले 360 व्यू कैमरा स्मार्ट प्ले साउंड सिस्टम के साथ न्यू जनरेशन सुजुकी कनेक्ट जैसे फीचर्स के साथ लांच की गई। वही इस गाड़ी में 15 स्मार्ट हाइब्रिड पैट्रोल इंजन आइडल स्टार्ट स्टॉप ब्रेक एनर्जी रीजेनरेशन ऑटोऑफ जैसे फीचर्स के साथ में पेट्रोल के अंदर इसका माइलेज 20.15 किलोमीटर प्रति लीटर रखा गया है। इस कार में डुएल टोन के भी ऑप्शंस दिए गए हैं और यह कार 8 आकर्षक रंगों में लांच की गई है। इस कार की एक्स शोरूम प्राइस 7.99 लाख रुपए से 13.96 तक रखी गई है। यह कार 5 वेरिएंट में मैनुअल ट्रांसमिशन मे व 4 वेरियंट्स में ऑटोमेटिक ट्रांसमिशन में पेश की गई है। इस अवसर पर नीना अदित श्रीवास्तव और डॉक्टर कैलाश मीणा ग्राहक को पहली कार की चाबी दी गई। इस अवसर पर ऋषि शर्मा, कपिल शर्मा टीम लीडर, शहर के गणमान्य लोग और भाटिया एंड कंपनी का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा।

# नगर परिषद बोर्ड बैठक में साफ-सफाई, सड़कों की दुर्दशा पर चर्चा हुई

**बून्दी** (निसं)। शुक्रवार को अम्बेडकर भवन मे हुई नगर परिषद की साधारण सभा की बैठक पक्ष विपक्ष के पार्षदो के हंगामे की भेठ चढ़ गई। नगर परिषद द्वारा बैठक के लिये तय किये गये समय पर भाजपा पार्षद तो समय पर पहुंच गये पर कांग्रेस पार्षद सहित सभापति 20 मिनट देरी से पुहंचे जिससे कांग्रेस पार्षदो का समय पर नही पुहंचना चर्चा का विषय बन गया।

कुछ देर बात सभापति उपसभापति सहित कांग्रेस पार्षद अम्बेडकर भवन मे पुहंचे। कांग्रेस पार्षदो के अम्बेडकर भवन मे पहुचते ही उपखण्ड अधिकारी के संबोधन पर बीजेपी पार्षद मुकेश माधवानी, संजय शर्मा, रमेश हाडा ने उपखण्ड अधिकारी से प्रशासन शहरो से संग अभियान मे सूचीबद्व 21 तरह के कार्यो को करवाने की बात कही। इसके बाद सहवरित पार्षद अर्जुन डाबोडिया ने शहर की डीनोटिफाई कोलोनियो के पटटे बनाने का मुददा उठाया। इसके बाद साधारण सभा की बैठक के एंजेडे अनुसार ट्रक यूनियन की की भूमि का व्यवसाय योजना व भू उपयोग परिवर्तन के मुददे पर नेता प्रतिपक्ष मुकेश माधवानी ने कहा कि ट्रक यूनियन के लिये अन्य जगह निर्धारित नही होने तक भू उपयोग परिवर्तन नही किया जाना चाहिए।



बूंदी नगर परिषद की बोर्ड बैठक आयोजित हुई।

नेता प्रतिपक्ष माधवानी ने इस मुददे पर मत विभाजन की मांग रखी। बीजेपी पार्षद मोनिका शेरगढिया ने बून्दी की दुर्दशा और साफ सफाई के मुददे पर आयुक्त को जमकर खरीखोटी सुनाई। जिस पर सभापति मधु नुवाल ने कहा कि टेन्डर हो चुके है एक माह मे हालात सुधर जायेगे। बीजेपी पार्षद रामराज अजमेरा ने ट्रक यूनियन व पेच ग्राउंड की जमीनो के लिये नगर परिषद द्वारा तैयार की गई योजनाओ का समर्थन किया वही शहर कांग्रेस अध्यक्ष व वरिष्ठ पार्षद देवराज गोचर ने कहा की ट्रक यूनियन की भूमि का पूर्व सभापति का बोर्ड खाली नही करवा पाया पर वर्तमान कांग्रेस बोर्ड ने ट्रक यूनियन की भूमि का कब्जा लेकर जनहित मे कठोर निर्णय का उदाहरण दिया है। गोचर ने कहा कि ट्रक यूनियन की भूमि को खाली कराने का वर्तमान मे सभी ट्रक मुख्य सडक पर खडे रहने लग गये है जिससे दुर्घटनाओ का अंदेशा बना हुआ है जिस पर भाजपा पार्षदो ने भी मेज थपथपाकर गोचर की बात का समर्थन किया।

गोचर ने कहा कि पेच ग्राउंड पर व्यवसाय कर रहे लोगो के लिये अन्य उचित जगह की व्यवस्था हो उसी के बाद पेच ग्रांउड के लिये कोई योजना बनाई जाये। शहर अध्यक्ष व वरिष्ठ कांग्रेस पार्षद ने नगर परिषद के अतिक्रमण दस्ते को गुंड दस्ता तक बता दिया उन्होने कहा की अतिक्रमण दस्ते के द्वारा चैथ वसूली का खेल चल रहा है। बैठक के दौरान पार्षद गोचर ने शहर की क्षितग्रस्त सडको के फोटो के बोर्ड बैठक मे दिखाये उन्होने कटाक्ष करते हुए कहा कि हमे बून्दी के लिये 135 करोड रूपये नही चाहिए सभापति जी बून्दी की क्षतिग्रस्त सडको पर थेकले ही लगवा दिजिये। इसके बाद कॉलोनियो के नियमन के मुददे पर पक्ष विपक्ष के पार्षद एक दूसरे से उलझ पडे और नेता प्रतिपक्ष से माइक छीन लिया गया। बैठक के बाद नेता प्रतिपक्ष मुकेश मैदान के साथ समस्त भाजपा पार्षद जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां नवनियुक्त जिला कलेक्टर डॉ रविंद्र गोस्वामी से वार्ड में व्याप्त समस्याओं को लेकर चर्चा की तथा बोर्ड मीटिंग हुई मनमानी से अवगत कराया।

**ये हुये सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित:-** ट्रक यूनियन की भूमि की व्यवसाय योजना व भू उपयोग परिवर्तन, पेच ग्रांउड की भूमि को नीलाम करने, अहिंसा सर्किल से मीरा गे तक की किराये की दुकानो को डीएलसी दर पर विक्रय हेतु अभिशंसर राज्य सरकार को प्रस्ताव भिजवाने, बागवान भगवान वर्मा की पदौन्नती, कजली तीज मेला के संबध मे प्रस्ताव पारित हुए। परन्तु सता पक्ष के एक दर्जन व विपक्ष के पार्षदो ने प्रस्तावो को हठधर्मिता पूर्वक पारित करवाने का आरोप लगाया।

## सार-समाचार

### विद्यालय में बालिका प्रवेशोत्सव मनाया



**झालावाड,** (निसं)। महिला अधिकारिता विभाग के माध्यम से संचालित इंदिरा महिला शक्ति केन्द्र झालावाड द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रूपारेल में शुक्रवार को बालिका प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस दौरान इंदिरा महिला शक्ति उड़ान योजना के तहत महिला एवं बालिकाओं को मिलने वाले नि:शुल्क सेनेटरी नेपकिन, महावारी स्वच्छता अभियान, चुप्पी तोड़ो व चिराली योजना (साथ सदा के लिये) लैगिंक भेदभाव आदि के बारे जानकारी दी गई। 11 से 14 वर्ष की विद्यालय न जाने वाली किशोरी बालिकाओं की शारिरिक, बौद्धिक, व्यक्तित्व विकास, स्वास्थ्य पोषण मे सुधार लाना, किशोरी बालिकाओं को सशक्त बनाना, विद्यालय एवं ब्रिज कोर्स, कौशल विकास आदि से जोडने एवं औपचारिक, अनौपचारिक शिक्षा से जोड़ने एवं विभागीय योजनाओ के बारे मे अवगत करवाया गया। इस दौरान एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ लोगो की 25 बालिकाओं को टी-शर्ट वितरित की गई। इस अवसर पर केन्द्र प्रबंधक मोनिका रानी, केस वर्कर अनिता कॉरपेन्टर व लक्षिता, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रूपारेल की प्रधानाचार्य अनिता मीणा, समस्त विद्यालय स्टॉफ एवं साथिन मीना कुमारी उपस्थित रही।

### लापता युवक का शव मिला

**डग** (निसं)। थाना क्षेत्र के गणेशपुरा निवासी 4 दिन से लापता युवक धर्मेंद्र लाल की पेड से लटकी लाश मिली मिली जानकारी के अनुसार बता दे कि गणेशपुरा निवासी 20 वर्षीय युवक धर्मेंद्र लाल पुत्र बापूलाल पिछले 4 दिनों से घर से लापता था जिसको काफी तलाशने के बाद परिजनों ने डग थाने में बुधवार को गुमशुदगी का मामला भी दर्ज कराया था और उसके बाद गणेशपुरा के पास टोंकडा-डोबड़ा रोड़ के पास स्थित एक पेड़ से रस्सी से लटकी हुई लाश मिली जिसकी सूचना पर डग पुलिस गुरुवार रात को घटनास्थल पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से लाश को उतरवाया और डग अस्पताल स्थित मोर्चरी में पहुंचाया जंहा शुक्रवार सुबह मेडिकल बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया और अंतिम संस्कार के लिए शव को परिजनों को सौंप दिया। मिली जानकारी के अनुसार बता दे कि मामला प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है वही शव के पास से 1 मोबाइल भी डिस्चार्ज अवस्था मे मिला जिसे पुलिस ने कब्जे में लिया डग पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है।इस घटना को लेकर गणेशपुरा के ग्रामीण गुरुवार देर रात को पुलिस थाने के बाहर एकत्रित हो गए और कहने लगे कि यह आत्महत्या नही हत्या है जिनको रात्रि में पुलिसकर्मियों द्वारा समझाया कि पीएम के बाद अनुसंधान किया जाएगा यदि हत्या है तो आरोपी को बक्शा नहीं जाएगा।

### शिक्षक प्रशिक्षण का निरीक्षण किया

**डग** (निसं)। बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आधारित 6 दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण के द्वितीय चरण के पांचवें दिवस पर जिला मुख्यालय से आई टीम ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण टीम में सहायक परियोजना समन्वयक अधिकारी सीताराम मीणा ,प्रोग्राम अधिकारी बुरहान अली, मनोहर लाल सोनी सम्मिलित थे। इन सभी का स्वागत ब्लॉक आरपी बाबूलाल चौहान ने किया। शिविर प्रभारी क्यासरा प्रधानाचार्य राजेन्द्र जैन ने बताया की केआरपी दिनेश राठौर ,सुरेश बिजारणिया,राकेश जैन ,हुसैन अली, गोरधन राम और धीरज चौधरी द्वारा इस प्रशिक्षण में पंचम दिवस पर आरंभिक कक्षाओं में समन्वित पर्यावरण ,कला, खेल और खिलौना स्कूल रेडनेस, एम जी एम एल शिक्षण तथा कक्षा कक्ष प्रक्रिया के चरण आदि पर प्रशिक्षण दिया। सहायक परियोजना समन्वयक अधिकारी सीताराम मीना में बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान के साथ ही विद्यालय के भौतिक विकास हेतु भामाशाह का सहयोग भी लेवे पीओ मनोहर लाल सोनी ने संक्षिप्त में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर प्रकाश डाला ,बुरहान अली कार्यक्रम अधिकारी द्वितीय ने संभागियों को संबोधित करते हुये कहा की भारत सरकार और राज्य सरकार की जो नवीन शिक्षा हेतु लागू योजनाएं तभी सफल हो पाएगी जब धरातल पर आप उसे करवा पाएंगे। साथ ही अधिकारियों ने शिविर की सम्पूर्ण व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। मंच संचालन राकेश जैन ने किया।

### समस्या समाधान शिविर 11 जुलाई को

**झालावाड,** (निसं)। शहीद पीटीआर मुकुट बिहारी मीणा की पुण्य तिथि के अवसर पर 11 जुलाई, 2022 को शहीद की प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर शहीद को श्रद्धांजली अर्पित की जाएगी। वहीं तुरन्त पश्चात् सैनिक विश्राम गृह में जिले के समस्त भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं तथा उनके आश्रितों के कल्याण के लिए समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ले. कर्नल एस.के. पंजाबी ने बताया कि सभी पेंशनर, पूर्व सैनिक एवं विधवाएं अपने साथ अपने मूल दस्तावेज जैसे डिस्चार्ज बुक, पीपीओ, पहचान पत्र आदि के साथ सैनिक विश्राम गृह में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाएं एवं अपनी समस्याओं का मौके पर समाधान करवाएं।